प्रेस विज्ञप्ति

नैनीताल बैंक की नवीन शाखा का भव्य उदघाटन

नैनीताल बैंक की नवीन शाखा के नए परिसर का उदघाटन बैंक के प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निखिल मोहन द्वारा सेंट्रल वॉक, भारत सिटी, इंद्रप्रस्थ योजना, लोनी, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित नवसुसज्जित परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री निखिल मोहन ने इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप फीता काटा तथा उदघाटन से संबन्धित अन्य औपचारिकताएँ पूरी की।

इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रमुख ग्राहकों एवं अन्य उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए श्री निखिल मोहन नें बैंक की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक आम आदमी के विकास हेतु अनेक योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सरल एव सस्ती दरों पर ऋण सुविधाए प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है। इस अवसर पर ग्राहकों को बहतर सुविधा देने एवम वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए बैंक द्वारा वित्तीय समावेश मॉड्यूल का भी अनावरण किया गया।

इस अवसर पर श्री अरुण अग्रवाल (मुख्य संचालन अधिकारी), श्री अमर सिंह (क्षेत्रीय प्रबंधक), श्री रमन गुप्ता (उपाध्यक्ष), श्री संजय गुप्ता (सहयोगी उपाध्यक्ष) ,शाखा प्रबंधक श्री अमित भंडारी (लोनी, गाज़ियाबाद) सहित अनेक ग्राहक एवं बैंक के अनेक अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

लोनी, गाज़ियाबाद

23 मार्च, 2023